तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4


पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई 150वीं जयंती

## खबर संक्षेप

### असामयिक मृत्यु के दो प्रकरण में दी गई 8 लाख रूपये की सहायता राशि

**कोरबा।** अपर कलेक्टर कटघोरा द्वारा नदी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु के कुल दो प्रकरण में पीड़ित परिजनों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये के मान से कुल आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जारी आदेश के अनुसार जिले की तहसील पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम केंदई के सूरज धनुहार पिता पंचलाल धनुहार की 1 अगस्त को हसदेव नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पिता झीटकू राम को 4 लाख रूपये की आर्थिक अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम कोईलारगडरा (घुंचापुर) की कौशिल्या पति संतोष धनुहार की गत 24 जुलाई 24 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पति संतोष धनुहार को चार लाख रूपये की आर्थिक अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण/चयनित अभ्यार्थियों के शारीरिक मापदण्ड परीक्षा हेतु 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय कोरबा से संपर्क कर सकते हैं।

### पसरखेत में मिला 13 फीट का किंग कोबरा, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** ऊर्जाधानी अपनी समृद्ध जैव-विविधता और दुर्लभ वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। यहां कई बार ऐसे जीव देखने को मिलते हैं जिनसे आम लोग चकित रह जाते हैं। इसी कड़ी में जिले के पसरखेत गांव में गुरुवार की शाम 4 बजे विशालकाय किंग कोबरा को लोगों ने देखा और देखते ही देखते विशालकाय किंग कोबरा को देखने वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग और नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम के जितेंद्र सारथी ने मामले की जानकारी कोरबा डीएफओ श्रीमति प्रेमलता यादव को दी। उनके निर्देश और एसडीओ आशीष खेलवार एवं एसडीओ सुर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में जितेंद्र सारथी अपनी टीम के एम सूरज, सिद्धांत जैन, बबलू मारवा के साथ तुरंत उस स्थान के लिए कोरबा से रवाना रवाना हुए। करीब एक से डेढ़ घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में किंग कोबरा ने बार-बार अपना रौद्र रूप दिखाया। हालांकि धैर्यपूर्वक और सावधानी से काम करते हुए आखिरकार टीम ने किंग कोबरा को सुरक्षित थैले में डालने में सफलता प्राप्त की। जिसके उपरांत उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### देवउठनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह व रंगोली स्पर्धा आज

**कोरबा।** बेलाकछार गांव की युवा समिति द्वारा देवउठनी एकादशी के अवसर पर 1 नवंबर को राम मंदिर परिसर में पारंपरिक रूप से तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गन्ने का मंडप सजाकर विवाह संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक लाइटिंग और सजावट से सजाया जा रहा है। यह आयोजन समिति द्वारा लगातार 15वें वर्ष किया जा रहा है। कार्यक्रम में रंगोली स्पर्धा का भी आयोजन होगा, जो दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रतिभागियों को शाम 7 बजे पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के पार्षद नरेन्द्र देवांगन होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता डॉ. लव साहू और कबड्डी संघ बेलाकछार के अध्यक्ष केशव चंद्रा उपस्थित रहेंगे।

# ई ऑक्शन पॉलिसी में किया गया बदलाव, नहीं रहा थर्ड पार्टी सैंपलिंग का अनिवार्य प्रावधान

## कोल इंडिया की 420वीं बोर्ड बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया ने बोर्ड बैठक में ई नीलामी योजना 2022 से जुड़े कई अहम संशोधनों को मंजूरी दी है। इसके साथ ही 1 नवंबर से अधिसूचित सभी ई नीलामी आयोजनों के लिए कोई खरीदार यदि थर्ड पार्टी सैंपलिंग का विकल्प नहीं चुनता है, तो उस पर कोयला कंपनी की ओर से अनिवार्य सैंपलिंग की शर्त लागू नहीं होगी। बोर्ड के निर्णय के साथ ही एसईसीएल के कोल व्यापारियों को एक बड़ी राहत मिली है। इससे पहले कंपनी ने 1 अक्टूबर से लागू होने वाले कई नए प्रावधानों जिनमें थर्ड पार्टी सैंपलिंग फाइनेंशियल कवरेज और इंडेम्निटी बॉन्ड शामिल थे को अनिवार्य बना दिया था। इन बदलावों से कोयला व्यापारियों को संचालन और वित्तीय स्तर पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

**खास बातें**

- निजी विद्युत संयंत्रों व कोयला व्यापारियों को मिली राहत
- कोयला व्यापारियों को वित्तीय स्तर पर मिलेगा लाभ



सीआईएल बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि 1 नवंबर 2025 से पहले आयोजित या अधिसूचित सभी ई-नीलामी आयोजनों के लिए अनिवार्य सैंपलिंग का प्रावधान यथावत रहेगा। इन आयोजनों के अंतर्गत होने वाले कोयला प्रेषण की गुणवत्ता की समीक्षा नमूनाकरण परिणामों के आधार पर की जाएगी। कोल इंडिया के इस फैसले के पीछे कोल ट्रेडर्स की एकजुटता ने अहम भूमिका निभाई है। ऑल इंडिया कोल ट्रेडर्स कम्युनिटी जो देश के विभिन्न राज्यों के कोल व्यापारियों को एक मंच पर लाने वाला संगठन है पिछले कुछ महीनों से इस विषय पर सतत संवाद और रचनात्मक प्रयास किए। संगठन ने यह साबित किया कि यदि उद्योग जगत की चिंताओं को संगठित, ज़िम्मेदार और पारदर्शी तरीके से सामने रखा जाए, तो बिना टकराव या आंदोलन के भी नीति-स्तर पर बड़ा परिवर्तन संभव है। कोल इंडिया के इस निर्णय से देशभर के कोल व्यापारियों में राहत और उत्साह का माहौल है। उद्योग जगत इसे संवाद और एकता की जीत के रूप में देख रहा है। यह फैसला भारतीय कोयला व्यापार समुदाय के लिए एक नया अध्याय खोलता है जिसमें पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

## नुकसान का आंकलन करने जुटा कृषि विभाग का मैदानी अमला

# मेथा का असर : बारिश से खेतों में भरा पानी, धान का करपा डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंध्रप्रदेश और ओडिसा के तटवर्ती समुद्री से उठे तूफान मेथा से जिले का शहर और ग्रामीण अंचल भींग गया। सबसे ज्यादा प्रभाव खेतों में खड़ी और कटी हुई धान की फसल पर पड़ा है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियान रात से हुई बारिश से कटी हुई धान की फसल डूबी हुई नजर आयी। जिसे देख किसान भी चिंतित हो गए। वहीं कृषि विभाग का मैदानी अमला इस बारिश से फसल से हुई नुकसान की जानकारी लेने में जुट गया है।

बीते कुछ दिनों से जिले में रुक रुककर हो रही बारिश का असर धान की खड़ी फसल पर पड़ा है। दीवाली बाद जैसे ही किसान फसल की कटाई में जुट गए थे वैसे ही मौसम का कहर भी उनके उपर गिरने लगा था। बीते एक सप्ताह से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्थानों में घंटोंभर बारिश हुई। इस बारिश से दीवाली के बाद काटी गई धान की फसल जिससे किसान खेत में ही छोड़ दिए थे वह खेतों में पानी भरने के कारण डूब जाने से खराब हो चली है। गुरुवार दरमियान रात जिले के ग्रामीण अंचलों में बारिश का असर पिछले दिनों हुई बारिश से ज्यादा नजर आया। जब किसानों के सामने बारिश के कारण कटाई बंद करने की स्थिति सामने आ गई। शुक्रवार की सुबह जब शहर से लगे हुए कुछ ग्रामीण अंचलों का अवलोकन किया तो धान का कटा हुआ करपा पानी में डूबा हुआ था। मौसम के इस तरह एका एकाएक बदलने से किसान भी बेखबर थे। लिहाजा वह कटी हुई फसल को खेतों में ही छोड़कर चले गए थे। कृषि विभाग की मानें तो किसानों को इस बारिश से नुकसान हुआ है। हालांकि जिन किसानों ने फसल बीमा योजना कराए हैं उन्हें इसकी भरपाई हो सकेगी। किंतु जिन किसानों ने फसल बीमा योजना से दूरी बनाई थी उनके सामने इस बारिश ने संकट खड़ा कर दिया है।

**खास बात**

- बारिश से खड़ी फसल को भी एक पखवाड़े पूर्व हो चुका है नुकसान



बारिश से भीगा धान।

### नुकसान का आंकलन किया जा रहा है

बेमौसम बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से कटी हुई फसल के पानी डूबने की जानकारी मिली है। मैदानी क्षेत्र के अमले को नुकसानी के आंकलन के लिए निर्देशित किया गया है। खेतों में पानी भरने से फसल में ज्यादा नमी आने के कारण कटाई में भी देरी होगी।

**- डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

### फसल में 18 प्रतिशत से ज्यादा नमी

खेतों में खड़ी धान की फसल में 18 प्रतिशत से ज्यादा नमी आ गई है। आने वाले दिनों में अगर बारिश की यही स्थिति रही तो कटी हुई धान की फसल लाल हो जाएगी। जिसका फायदा किसानों को नहीं मिलेगा। कृषि विभाग ने ऐसी स्थिति के लिए अपने मैदानी अमले को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि फसल कटाई के बाद आने वाले फसल की क्या स्थिति रहेगी। इसका आंकलन किया जा सकेगा।

### प्रशासन की कड़ी नजर खरीदी पर

एक तरफ प्रशासन धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए कड़ी नजर रखा हुआ है। किसानों से पंजीयन से लेकर ऑनलाइन टोकन तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में बैरियर लगाने की तैयारी कर ली गई है। जिससे किसानों के उपर एक प्रशासनिक बड़ी कार्यवाही का अंदेशा बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ बेमौसम बारिश ने उनकी फसल में कहर बरपा दिया है।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने लखनपुर मार्ग पर किया चक्काजाम


चक्काजाम करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा क्षेत्र के लखनपुर मार्ग पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों- जिनमें महिलाएँ, बुजुर्ग और युवा शामिल थे। उन्होंने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते घंटों तक कोयला परिवहन पूरी तरह ठप रहा।

ग्रामीणों का आरोप है कि रोज़ाना हजारों भारी ट्रक और ट्रेलर कोयला ढोते हुए इसी मार्ग से गुजरते हैं, जिससे सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं। जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनसे छोटे वाहनों का चलना बेहद मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़कों की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन प्रशासन और कोल कंपनियों को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने इसी समस्या को लेकर आंदोलन किया था, तब प्रशासन ने जल्द मरम्मत का आश्वासन दिया था लेकिन एक साल बीतने के बाद भी सड़कें जस की तस हैं. वादाखिलाफी से नाराज होकर इस बार ग्रामीणों ने कोयला परिवहन को रोक दिया है। जब तक सड़क सुधार कार्य शुरू नहीं होता और भारी वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं लगाई जाती, वे आंदोलन जारी रखेंगे।

**खास बात**

- ग्रामीणों का आरोप है कि रोज़ाना हजारों भारी ट्रक और ट्रेलर कोयला ढोते हुए इसी मार्ग से गुजरते है

# तीन साल पहले किया राशि आहरण आज तक निर्माण नहीं हो सका पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

करतला जनपद के ग्राम पंचायत तुमान में शौचालय निर्माण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जिसमें तत्कालीन सरपंच व सचिव द्वारा समग्र शिक्षा अंतर्गत बालक बालिका शौचालय निर्माण की अग्रिम राशि निकालकर गबन कर लिया गया है और आज पर्यंत तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

समग्र शिक्षा मद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान में बालक बालिका शौचालय निर्माण के लिए सत्र 2022 में 3 लाख 86 हजार रुपये की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। जिसमें से प्रथम क़स्ति की राशि 1 लाख 93 हजार रुपये में से 1 लाख 70 हजार रुपए की राशि ग्राम पंचायत तुमान के तत्कालीन सरपंच श्रीमती ललिता कंवर व सचिव नंदकुमार चौकसे द्वारा निकालकर गबन कर लिया गया है। आज उनको राशि आहरित किए तीन साल बीत गए किंतु निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। इस प्रकार की घोर लापरवाही व भ्रष्टाचार करने के बावजूद ना ही किसी प्रकार की जांच हुई और ना ही किसी भी प्रकार की कार्यवाही हुई। इससे साफ प्रतीत होता है कि जनपद स्तर के अधिकारियों के संरक्षण में सरपँच सचिव न जाने कितने कार्यों की अग्रिम राशि निकाल कर चपत कर जातें हैं और निर्माण के नाम पर कुछ भी नहीं दिखता। तुमान पंचायत में ऐसे और भी कई मामले सामने आने की संभावना है जिसमें राशि आहरण करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है या फिर अपूर्ण कार्य में पूरी राशि आहरित कर ली गई है। ऐसा सिर्फ तुमान पंचायत में ही नहीं है कई सारे ग्राम पंचायतों में ऐसे कई मामले है जिसमें सरपंच सचिवों द्वारा राशि आहरण कर गबन कर लिया गया है।




### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल की150 जयंती के उपलक्ष में यूनिटी मार्च के अंतर्गतएक राष्ट्रीय व्यापी कार्यक्रम के तहत श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। योजना के जिला संगठक वायके तिवारी ने कहा कि सरकार के द्वारा पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 150 जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम करने के निर्देश जारी किये गये है कार्यक्रम के अंत में सरदार पटेल के जन्मभूमि से उसकी मूर्ति तक की पदयात्रा का विशाल कार्यक्रम का अयोजन सरकार के द्वारा किया जाएगा। हम सब मिल कर कोशिश करे कि जिला से एक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से सहजता के गुण को अपना सके।

# सतनामी समाज ने की बाबा गुरु घासीदास के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सतनामी समाज में आक्रोश उस समय बढ़ गया जब सोशल मीडिया पर गुरु घासीदास के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी और गाली-गलौच किए जाने की बात सामने आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय सिंह राजपूत, निवासी सिंधी कॉलोनी रायगढ़ द्वारा 30 अक्टूबर को समाज धर्मगुरु के प्रति अमर्यादित टिप्पणी की गई, जिससे समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस कड़ी में सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे ने राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। श्री कुर्रे ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां समाज की सामाजिक सद्भावना और भाईचारे को आहत करती हैं तथा सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने का प्रयास हैं। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि दोषी के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणी करने का दुस्साहस न कर सके।



## चातुर्मास का होगा समापन, 1 व 2 नवंबर को मनाई जाएगी एकादशी

# एकादशी पर रवि, ध्रुव योग, शतिभिषा पूवार्भाद्रपद नक्षत्र का शुभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी पर्व मनाया जाता है। इस बार एकादशी पर्व की तिथि को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। दो दिन एकादशी होने की वजह से एक व दो नवंबर को एकादशी पर्व मनाया जाएगा। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीहरि चार माह की निंद्रा से जागृत होते हैं और चातुर्मास समाप्त होता है। इसी के साथ सभी वैवाहिक, गृह प्रवेश, मुंडन सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाते हैं।



देवउठनी एकादशी को भगवान शालीग्राम और माता तुलसी विवाह के साथ चतुर्मास समाप्त हो जाएगा। इस बार एकादशी 1 एवं 2 नवंबर दो दिन मनाई जाएगी। दरअसल 1 नवंबर की सुबह 9 बजे के बाद एकादशी शुरू हो रही है जो 2 नवंबर को सुबह 7.31 बजे तक रहेगा। यही वजह है कि कुछ लोग 1 नवंबर को एकादशी का पर्व मनाएं वहीं कुछ लोग 2 नवंबर को एकादशी मनाएंगे। ज्योतिषाचार्य के अनुसार सूर्य के उदय तिथि पर पर्व मनाया जाता है। 1 नवंबर को जब सूर्य उदय होगा तो दशमी तिथि रहेगी, 9 बजे के बाद एकादशी शुरू होगा। वहीं 2 नवंबर को सूर्य के उदय होते समय एकादशी रहेगा। यही वजह है कि 2 नवंबर को एकादशी पर्व मनाया जाएगा। इस दिन भगवान श्रीहरि चार माह निंद्रा के जागृत हो जाएंगे। इसी के साथ ही वैवाहिक और मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इस एकादशी पर रवि योग, ध्रुव योग, शतिभिषा पूवार्भाद्रपद नक्षत्र का शुभ संयोग रहेगा। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। मान्यता है कि इसी दिन से भगवान विष्णु सृष्टि संचालन का कार्य को संभालते हैं। इसी दिन भगवान शालीग्राम और माता तुलसी विवाह की जाती है। माता तुलसी को फल, फूल, श्रृंगार चढ़ाकर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाएगी। वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर विवाह योग्य युवक व युवती के परिवार के लोगों की तैयारी जोरों पर हैं। लगभग चार माह बाद देवउठनी एकादशी के अबूझ मुहुर्त पर एक बार फिर शहनाइयां गूंजेंगी। सड़कों पर बैंड-बाजा और बारात की रौनक दिखाई देगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह आदि मांगलिक कार्य प्रारभ हो जाएंगे। छठ महापर्व के समापन के साथ ही अब देवउठनी पर्व को लेकर गन्ना का बाजार सजकर तैयार हो गया है। लोगों में गन्ने की मांग बढ़ गई है। इस दिन गन्ना का विशेष महत्व होता है। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं ने तैयारी शुरू कर दी है। भगवान शालीग्राम और तुलसी विवाह के लिए गन्ना का मंडप सजाया जाता है। इस कारण गन्ने की मांग बढ़ गई है। गन्ना कारोबारियों ने भारी मात्रा में गन्ना मंगाए हुए हैं। ज्योतिषाचार्य के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष तिथि का प्रारंभ एक नवंबर को सुबह 9:11 बजे से होगा। इसका समापन दो नवंबर को सुबह 7:31 बजे होगा। एक नवंबर को रवि योग सुबह में 6:33 बजे से बनेगा, जो शाम 6:20 बजे तक रहेगा। वहीं ध्रुव योग सुबह से शुरू होगा और दो नवंबर को तड़के 2:10 बजे तक रहेगा। एकादशी पर शतभिषा नक्षत्र सुबह से लेकर शाम को 6:20 बजे तक रहेगा।

## खबर संक्षेप



### इंग्लिश स्कूल दीपका में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कोरबा।** ईस्ट प्वाइंट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल दीपका में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा एवं कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए अनेक रोचक मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें छात्राओं के एक दल ने अपने मॉडल के माध्यम से मानव ह्रदय और उसकी मदद से शरीर में निरंतर गतिमान रहने वाली रक्त संचरण की प्रक्रिया को बड़ी ही खूबसूरती से प्रदर्शित किया। इसी तरह छात्राओं के एक दल ने चंद्रयान 3 का सुंदर मॉडल प्रस्तुत कर उसके जरिए अंतरिक्ष में भारत की सफलताओं के बारे में बताया गया। एक मॉडल में विद्यार्थियों ने स्टीम टरबाइन से विद्युत उत्पादन, मेजरमेंट पार्क समेत बड़ी संख्या में विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में सम्मिलित होने पहुंचे अभिभावकों ने भी इन मॉडलों का अवलोकन किया। निर्णायकों ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से उनके द्वारा प्रस्तुत मॉडल के संबंध में सवाल जवाब भी किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुने जाने वाले विज्ञान मॉडल के विद्यार्थी पुरस्कृत किए जाएंगे।

### पुलिस स्मृति दिवस पर पीजी कॉलेज में भाषण स्पर्धा



**कोरबा।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस विभाग द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासकीय पीजी कॉलेज में शस्त्र प्रदर्शनी एवं समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पुलिस बल की कार्यप्रणाली, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आधुनिक हथियारों की जानकारी से अवगत कराना था। समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए पुलिस की समाज सेवा, कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, संकट प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रभावशाली तर्क रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी जिनमें कुमारी ईशा गुप्ता, सुषमा बंजारे, रेणुका धीवर, अंकिता टोप्पो, अंकिता शर्मा, कुमकुम कंवर, सिवंगी सोनी, सिंधु सिंह नेताम, संतोषी कंवर, चमेली, सीमा मंझवार, विकिता श्रीवास, कोमल साहू, सीमा साहू, मुस्कान रानी ने बेहतर प्रदर्शन किया जिन्हें पुरुस्कृत किया गया।

### साडा विद्यालय में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक तथा सह प्रभारी रेणुका लदेर के कुशल मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। स्वयं सेविकाओं ने भाषण, रंगोली, चित्रकला, देशभक्ति गीत तथा कविता आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रासेयो की स्वयं सेविकाओं के द्वारा राष्ट्रीय एकता के नारे लगाते हुए रैली भी निकाली गई।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस संग दौड़ा कुसमुंडा

**कोरबा।** स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कुसमुंडा थाना क्षेत्र में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों, क्षेत्र के पार्षद जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कुसमुंडा थाना से शुरू हुई यह मैराथन दौड़ गायत्री मंदिर चौक, कबीर चौक जीएम कार्यालय होते हुए पुनः वापस कुसमुंडा थाने पहुंची। जहां स्कूली बच्चों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में अपने विचार रखें इसके अलावा स्कूली शिक्षक शिक्षिकाओं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि वरिष्ठ जनों ने भी सरदार वल्लभभाई वल्लभ भाई पटेल को लेकर अपने विचार साझा किया। अंत में स्कूली बच्चों एवं उपस्थित जनों के द्वारा थाना परिसर में ही पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यकम में एसआई राकेश गुप्ता, एएसआई अश्वनी वर्मा, प्रधान आरक्षक रंजन देवागन, आरक्षक संजय तिवारी, चंद्रहास कश्यप, सुखनंदन महंत, विधायक प्रतिनिधि संतोष राठौर, पार्षद प्रेम साहू, अभिलाष यादव, राहुल केंवट, कमल नारायण सिंह, हर्षवर्धन शर्मा, हेमा शर्मा, शिक्षक मेंमानस केशरवानी, यशवंत सिंह राठौर, सत्यास सिंह, अमन श्रोते शामिल रहे।

## कलेक्टर ने बीएलओ को दिए जा रहे एसआईआर प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

# कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से ना छूटे: वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियाँ घोषित की गई है। जिले में विभिन्न प्रपत्रो की प्रिंटिंग एवं प्रशिक्षण कार्य 3 नवंबर तक किया जाएगा। ततपश्चात 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा डोर टू डोर विजिट कर सर्वेक्षण एवं सूचीकरण कार्य संचालित किया जाएगा। इस हेतु जिले के सभी विधानसभाओं में बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा नगरीय क्षेत्र के विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21, कोरबा अंतर्गत नियुक्त बीएलओ के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी बीएलओ को इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से ना छूटे ,तथा कोई भी अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में ना रहे। सभी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एसआईआर कार्यक्रम में बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण है। मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को विभिन्न प्रपत्रों , डोर टू डोर सर्वे कार्य, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, स्थानांतरित करने, काटने हेतु उपयोगी प्रपत्रों के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण में बीएलओ को जानकारी देते हुए बताया गया कि उक्त सर्वे अवधि में बीएलओ प्रत्येक घर के मतदाताओं को गणना पत्रक की दो प्रति बाटेंगे तथा उसको भरने में मतदाताओं को सहयोग भी करेंगे। यदि मतदाता अनुपस्थित हो तो गणना पत्र को घर पर छोड़कर एक सूचना घर के दरवाजे पर चिपकाएंगे जिसमें इस बात का उल्लेख होगा कि बूथ लेवल ऑफिसर तीन अलग-अलग तिथियां में गणना पत्रक लेने के लिए पुनः आएंगे। गणना पत्र की एक प्रति बीएलओ अपने पास रखेंगे एवम दूसरी प्रति में मतदाताओं को पावती देंगे। गणना पत्रक पूर्व मुद्रित होगा जिसमें मतदाता की जानकारी मुदित होगी। मतदाताओं का वर्गीकरण अलग-अलग श्रेणी में करते हुए जिसमें सामान्य मतदाता ऐसे मतदाता होंगे जिनके नाम 2025 की मतदाता सूची में भी हो एवं 2003 के गहन पुनरीक्षण के मतदाता सूची में भी हो।



अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

**ये प्रमुख निर्देश**

कुछ मतदाता जिनका नाम 2025 की सूची में तो है, परंतु उनका नाम 2003 की सूची में नहीं है, परंतु उनके रिश्तेदार जैसे माता या पिता का नाम उस सूची में हो उनका चिन्हांकन करते हुए पत्रक भरा जाएगा। ऐसे दोनों प्रकार के मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी, केवल 2003 के मतदाता सूची की स्क्रीनशॉट देनी होगी। जिन मतदाताओं का जन्म 1 जुलाई 1987 से पूर्व हुआ होगा एवं उनका नाम 2003 की सूची में नहीं है उन्हें 12 विहित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के मध्य हुआ हो उन्हें स्वयं के पहचान के लिए 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज तथा माता या पिता में से किसी एक के दस्तावेज को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्म लिए समस्त मतदाताओं को अपने स्वयं की पहचान के लिए कोई एक दस्तावेज के साथ-साथ माता एवं पिता दोनों के पहचान के लिए दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

## निगम में गायब हो रही फाइलें, नेता प्रतिपक्ष ने मुख्य सचिव से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम में ठेकेदारों के कार्य से संबंधित फाईल एमबी (मेजरमेंट) बुक बार-बार रहस्यमयी तरीके से गायब हो रही है। राज्य सरकार के मुख्य सचिव को नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने पत्र लिखकर अवगत कराते हुए इस संबंध में कार्यवाही करने की मांग रखी है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि नगर निगम वर्तमान में निगम के ठेकेदारों फर्मों द्वारा कार्य पूर्ण करने उपरांत बिल के लिए फाईल व एमबी बुक को अधिकारी कर्मचारी आगे बढ़ाते हैं, किंतु कई फर्मों के फाईल एमबी बुक को नगर निगम द्वारा गायब कर दिया जाता है, जिसके कारण ठेकेदार सप्लायर भुगतान के लिये कई वर्षों से इधर-उधर भटक रहे हैं। उनकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसा लगता है कि आपसी रंजिश एवं आर्थिक स्वार्थ पूर्ण नहीं होने के कारण फाईलों को अधिकारी गायब कर देते हैं। अनेक ठेकेदार आयुक्त को लिखित एवं मौखिक आग्रह कर चुके हैं, इसके उपरांत भी ठोस कार्यवाही के अभाव में फाइलें गायब होने का सिलसिला जारी है। वर्तमान में भी अधिकारियों के टेबल में 6 माह से अधिक समय तक फाइलें अटकी रहती है, जिससे ठेकेदार परेशान रहते हैं। मुख्य सचिव से अनुरोध किया गया है कि इस निंदनीय कार्य की गंभीरता पूर्वक जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही के लिए निर्देश दिया जाए।

### सेजेस तिलकेजा के छात्रों ने अडानी प्लांट का किया भ्रमण

**कोरबा।** उड़ान प्रोजेक्ट के तहत जिले के पीएम सेजेस तिलकेजा के 51 विद्यार्थियों ने अडानी पॉवर प्लांट पताढ़ी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को आधुनिक बिजली उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। अडानी पॉवर प्लांट के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को 660 मेगावाट की बिजली उत्पादन प्रक्रिया समझाई। उन्होंने अग्निशमन और सीएचपी (कोल हैंडलिंग प्लांट) जैसे विभिन्न विभागों का भी अवलोकन कराया। अधिकारियों ने बिजली निर्माण और सुरक्षा मानकों के पालन के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य एमआर श्रीवास ने बताया कि पाठ्यक्रम के अनुसार औद्योगिक प्लांट का भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक जानकारी देने के लिए कराया गया। इससे उन्हें बिजली उत्पादन और कर्मचारियों के कार्यप्रणाली को समझने में मदद मिली। विद्यार्थियों के अनुसार, उन्हें पहले केवल किताबों से प्लांट संचालन और बिजली उत्पादन की जानकारी दी।

## लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक साकेत में सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर निगम कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए गठित आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक शुक्रवार को निगम के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। समिति के समक्ष किसी भी प्रकार की शिकायत व परिवाद न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

निगम में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिरोध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत निगम में आंतरिक शिकायत/परिवाद समिति का गठन किया गया है। जिसकी समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है। बैठक के दौरान पाया गया कि समिति के पास इस संबंध में केई भी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है और न ही किसी प्रकार का परिवाद लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कार्यालय में लैंगिक उत्पीड़न संबंधी विषयों पर सजग रहने व किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित संज्ञान लेने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में समिति की अध्यक्ष गुलिस्ता साहू, सदस्य सचिव सुभाषिनी आशावान, तारा भगत, कीर्ति अनंत, तिरिथबाई, विनीता सिंह, तुलसीबाई, शिवकुमारी यादव, मालती सोनी, पुष्पा बंजारे, शांतिबाई, रामबाई, तिलका बाई धुरव, शीतला गोंड़, ललिता टंडन आदि उपस्थित थे।

## शहीद दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 42वीं शहीद दिवस पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम के शक्ति स्थल तथा स्टेडियम परिसर में स्थापित इंदिरा प्रतिमा के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा की पुण्यतिथि कार्यक्रम को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी और सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इंदिरा गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने इंदिरा गांधी को महान नेत्री निरूपित करते हुए कहा कि वे बाल्यावस्था से ही राजनीति की ओर सक्रिय हो गई थी। उन्होंने 10 वर्ष की अवस्था में अपने प्रदर्शन से लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। श्रीमती गांधी गरीबों, श्रमिकों की रक्षक, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की अनुयायी, करुणा तथा सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति थी। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने इंदिरा गांधी को नारी जगत में साहस की प्रज्वलित ज्योति बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत को खुशहाल बनाने के लिए अपने कार्यकाल में देश को राष्ट्रीय एकता की माला में पिरोया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय प्रगति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और इसके अंतर्गत उल्लेखनिय परियोजनाओं पर कार्य किया। ऐसे कार्यों का लाभ देश और यहां के नागरिकों को मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में भारत के लिए उस समय की परिस्थितियों के अनुरूप अनेक अहम निर्णय लिए उनकी दूरदर्शिता हमे आज भी प्रभावित करती है। कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे ने कहा कि इंदिरा जी अपार साहस, निर्णय शक्ति और धैर्य की प्रतिमूर्ति थी। उनके मन में गरीबों के लिए सम्मान था जिन्हांने अपना पूरा जीवन देश से गरीबी मिटाने के लिए लगा दिया था। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सचिव बी एन सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष गजानंद साहू, कोरबा ओबीसी महासभा के अध्यक्ष अधिवक्ता एन के राजवाड़े, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, दुष्यंत शर्मा, मनीष शर्मा, रवि खुंटे, अश्वनी पटेल, पार्षद रवि चंदेल, अविनाश बंजारे, पूर्व पार्षद मनक राम साहू, गंगाराम भाराद्वाज, गिरधारी बरेठ, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने प्रियदर्शनी इंदिरा जी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।




## हिन्दू क्रांति सेना ने स्थगित की कार्तिक पूर्णिमा में होने वाली हसदेव आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सर्वमंगला मंदिर हसदेव नदी घाट में हिन्दू क्रांति सेना के द्वारा आयोजित की जाने वाली हसदेव आरती स्थगित कर दिया गया है। पदाधिकारियों ने प्रेसक्लब तिलक भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुछ विवादों के चलते आयोजनों को स्थगित किया गया है।

**खास बात**

- प्रेसवार्ता में पदाधिकारियों ने दी जानकारी

हिन्दू क्रांति सेना के पदाधिकारी राहुल चौधरी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर इस बार भी हसदेव महाआरती का आयोजन 5 नवंबर को किया जाना था। जिसके लिए प्रशासन से अनुमति मिल गई थी और संगठन के द्वारा भी इसकी तैयारियां जोर शोर से की जा रही थी। लगातार तीन वर्ष से हिन्दू कांति सेना हसदेव सर्वमंगला मंदिर घाट और सामने स्थित पुरानी बस्ती छठ घाट व कुदरा घाट में इसका आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में 5 नवंबर को ही आयोजन किया जाना था। प्रशासन ने प्रारंभ में हिन्दू क्रांति सेना को सर्वमंगला मंदिर घाट पर आयोजन की अनुमति दी थी। जबकि नमामी हसदेव समिति को सामने वाले रेत घाट पर अनुमति प्रदान की गई थी। बाद में दोनों संगठनों को मां सर्वमंगला मंदिर घाट का आधा आधा हिस्सा बांटकर अनुमति दी गई। इतने सीमित क्षेत्र में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाना संभव नहीं है। इसे देखते हुए संगठन ने इस वर्ष के आरती को स्थगित करने का निर्णय लिया है। श्री चौधरी ने आगे कहा कि लगातार विवादों के कारण अब यह तय नहीं है कि भविष्य में संगठन हसदेव महाआरती या हिन्दू नववर्ष पर शोभायात्रा जैसे आयोजनों को जारी रखेगा या नहीं। उन्होंने बताया कि इस विषय पर आगे की रणनीति और निर्णय संगठन की बैठक में लिया जाएगा।




प्रेसवार्ता को संबोधित करते हिंदू क्रांति सेना के पदाधिकारी।

## आज अच्छी शिक्षा के साथ हमारे नौजवानों के लिए अच्छे कल की तैयारी भी जरुरी: डॉ.प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा के साथ आने वाले कल में अपने लिए सुनहरे भविष्य की राह तैयार करते की कवायद भी जरुरी है। यही उद्देश्य लेकर आज इस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन

**खास बात**

- केएन कालेज में आयोजित प्लेसमेंट कैंप में 70 से अधिक युवा हुए शामिल

किया जा रहा है। कैम्प में भागीदार बन रही कंपनियां जहां आप सभी में अपने लिए योग्य कर्मियों की तलाश कर रहीं हैं, तो दूसरी ओर आप सभी युवाओं को इन ख्यातिलब्ध संस्थाओं में अपने लिए अच्छे कॅरियर की ओर कदम बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। इसलिए इस मौके का पूरा लाभ उठाएं और अपने सपनों को साकार करने अपना शत-प्रतिशत प्रयास प्रस्तुत करें। यह बातें गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 4 बजे तक कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा में आयोजित जॉब फेयर सह प्लेसमेंट ड्राइव में आए युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहीं। यह आयोजन एजीआई ग्रीनपैक लिमिटेड एवं टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें 70 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया और प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले रहीं कंपनियों में नौकरी का मौका हासिल करने साक्षात्कार दिया।



## कर्मचारियों को सुरक्षात्मक कार्य करने किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएसपीएम के भण्डार संभाग में कार्यस्थल सुरक्षा प्रणाली के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा श्रमिकों को बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सुरक्षा के साथ कार्य करने का दिया गया प्रशिक्षण जिसमें क्रेन, हाइड्रा, और फोर्क लिफ्टर के संचालन तथा कर्मचारियों पूर्ण रूप से सुरक्षात्मक कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। किसी भी प्रकार के सुरक्षा में छोटी सी चूक से हो सकता है बड़ा हादसा जिसपर विभागीय कर्मचारियों के साथ ठेका कर्मचारियों के द्वारा भी अपने अपने तरीके से कार्य करने पर सुरक्षा का लिया संकल्प इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन सोमानी ने किया भण्डार संभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता ए.एस मरावी, कार्यपालन अभियंता रविंद सिंह, सहायक अभियंता रीतिका मिश्रा, भावना जैनेंद्र, अनुराधा सिंह तथा विभागीय कर्मचारियों में मनीष राठौर, एसपी सिदार, सतीश वर्मा, मंजू चिंजवानी, पंकज धर दीवान, राम भरोस, सुखराम नाग, मुकेश, विजेंद्र, रामनारायण, भूपेश चौहान, पुरुषोत्तम यादव, भूरी बाई आदि शामिल हुए।



## कोरबा मार्केट

**गुप्त रोग**

विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी

**आयुर्वेद ईलाज**



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।

20 वर्षो से स्थाई

बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर

देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।

**मां सर्वमंगला क्लीनिक**

डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

202510050600074 रा.प्र.क. /ब-121/2024-25

ग्राम- कोरबा प0ह0नं0 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण राजेश कुमार शर्मा पिता श्री शंकर लाल शर्मा वगैरह जाति ब्राम्हण निवासी अनंत इमेजिन पुराना बस स्टैण्ड कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प0ह0नं0 16 रा0नि0मं0 कोरबा 1 स्थित भूमि ख0नं0 1013/6, 1013/7, 1008/2, 1002/2, 1000/7 कुल रकबा 1.50 ए0 पर अनंत इमेजिन आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है, जिसके अतर्गत भवन / प्रकोष्ठ क्र. A-206 क्षेत्रफल 96.8 वर्गमीटर को विक्रेता छ.ग. इण्डस्ट्रीयल बिल्डकॉन प्रा.लि. कोरबा द्वारा डायरेक्टर पंकज कुमार अग्रवाल पिता बजरंग प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी मिशन हास्पीटल रोड बिलासपुर की ओर से आम मुख्तियार जितेन्द्र कुमार द्विवेदी पिता रामानुज द्विवेदी जाति ब्राम्हण निवासी मिशन हास्पीटल रोड बिलासपुर से पंजीकृत बैनामा विलेख दिनांक 10/08/2015 को क्रय करने पश्चात उक्त भवन को अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किए जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 12/11/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

202510050600075 रा.प्र.क. /ब-121/2024-25

ग्राम- कोरबा प0ह0नं0 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंजू शर्मा पति श्री राजेश कुमार शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी अनंत इमेजिन पुराना बस स्टैण्ड कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16 रा0नि0मं0 कोरबा 1 स्थित भूमि ख0नं0 1013/6, 1013/7, 1008/2, 1002/2, 1000/7 कुल रकबा 1.50 ए0 पर अनंत इमेजिन आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है, जिसके अंतर्गत भवन / प्रकोष्ठ क. A-308 क्षेत्रफल 96.8 वर्गमीटर को विक्रेता छ.ग. इण्डस्ट्रीयल बिल्डकॉन प्रा.लि. कोरबा द्वारा डायरेक्टर पंकज कुमार अग्रवाल पिता बजरंग प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी मिशन हास्पीटल रोड बिलासपुर की ओर से आम मुख्तियार जितेन्द्र कुमार द्विवेदी पिता रामानुज द्विवेदी जाति ब्राम्हण निवासी मिशन हास्पीटल रोड बिलासपुर से पंजीकृत बैनामा विलेख दिनांक 03/10/2016 को क्रय करने पश्चात उक्त भवन को अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 12/11/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**



बुका पर्यटन केन्द्र में नौका विहार करते पर्यटक।



बुका में डूबते सूर्य के दौरान मनोरम दृश्य।

## स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन के साथ साथ उद्योगों में विकास के गढ़े नए आयाम

# राज्य गठन के बाद कोरबा ने भी पकड़ी विकास की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद राज्य के साथ-साथ जिले ने भी उत्तरोत्तर प्रगति की है। बीते 25 वर्षों में जिले में विकास के कई आयाम गढ़े गए हैं। स्वास्थ्य, उद्योग, रेल, पर्यटन के साथ साथ एनएच टू लेन, फोर लेन सड़क सुविधाओं का विस्तार हुआ है। राज्य के साथ साथ जिले में भी विकास की नई की इबारत लिखी गई है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जिला अस्पताल से शुरू हुआ सफर मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक पहुंचा। वहीं पॉलिटेक्निक कॉलेज से लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज तक की सुविधा जिले में मिली है। इसी के साथ साथ उद्योगों ने भी अपनी रफ्तार पकड़ी है। पिछले 25 वर्षों में जहां विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। वहीं ऊर्जा के लिए जरूरी कोयला जैसे खनिज संपदा की खोज भी लगातार हुई है। इसके अलावा प्रदेश का पहला लिथियम भंडार कटघोरा में मिला है। लिथियम भंडार मिलने के बाद उसके खनन की तैयारियों को लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। आने वाले दिनों में विद्युत उत्पादन में भी खासा बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी, जिससे जिला ही नहीं राज्य व देश का नाम भी बढ़ेगा और इस योगदान के लिए जिले का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।

### दो नेशनल हाईवे ने बदली जिले की तस्वीर



25 साल पूर्व जब छग राज्य मध्यप्रदेश से अलग हुआ था उस दौरान ग्रामीण अंचलों को मुख्य सड़क से जोड़ना चुनौती हुआ करता था। कोरबा चांपा मार्ग उरगा से हाटी मार्ग एवं कोरबा बिलासपुर मार्ग तथा कटघोरा अंबिकापुर ये तीन सड़क ही मुख्य हुआ करते थे जिससे शहर की आबादी और जिले में आने वाले लोग आवागमन करते थे। 25 साल के इस लंबे सफर में आज जिले से दो नेशनल हाईवे गुजर रही है। दो रेल कॉरिडोर के साथ भारत माला जैसी बड़ी योजना भी जिले से गुजर रही है। यह इस जिले की आर्थिक विकास की रीढ़ की हड्डी साबित होगी जो कोरबा कभी रेल और सड़क मार्ग से कटा हुआ करता था। उस कोरबा में आज सड़कों का जाल बिछ रहा है। बिलासपुर से अंबिकापुर एनएच 130 का निर्माण प्रमुखता से शामिल है जो जिले के दो बड़े तहसील कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा से होकर गुजरती है। इसका निर्माण दो चरणों में हुआ है। पहला बिलासपुर से कटघोरा दूसरा कटघोरा से शिवपुर तक कुल 210 किमी सड़क का निर्माण किया गया। इसी तरह दूसरी नेशनल हाईवे जो चांपा से निकलकर कोरबा एवं कटघोरा होते हुए बिलासपुर तक जाएंगी जिससे एनएच 130 बी के नाम से जाना जाता है। तीसरी सड़क भारत माला परियोजना के तहत बन रही है जो बिलासपुर से निकलकर उरगा धरमजयगढ़, पत्थलगांव होते हुए रांची तक जाएगी। ये इस क्षेत्र की सबसे बड़ी परियोजना है। यह एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी है।

### रेल कॉरिडोर से भी खुला आर्थिक विकास का रास्ता



औद्योगिक विकास की दिशा में लगातार हो रहे कार्यों की कड़ी में जिले को रेल कॉरिडोर की भी सौगात मिली। इस सौगात में कोयला लदान के लिए दो बड़े रेल कॉरिडोर के अलावा एक यात्री गाड़ी के लिए भी रेलवे लाईन की स्वीकृति मिलने के साथ इसकी राशि भी मिल चुकी है दो बड़े रेल कॉरिडोर में पहला गेवरा पेंड्रा रोड तक का रेल कॉरिडोर है। इस कॉरिडोर से गेवरा दीपका कोयला खदान से कोयला लेकर निकलने वाली गाड़ियां सीधे पेंड्रा जाएंगी और वहां से कटनी लाइन के रास्ते अन्य राज्यों की ओर निकल जाएंगी। इस कॉरिडोर का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है। इस कॉरिडोर के निर्माण से 115 किमी का सफर तय करना पड़ेगा जो कभी कोरबा, चांपा, बिलासपुर, पेंड्रा तक के लिए 230 किमी का सफर तय करना पड़ता था। इसके साथ ही उरगा से धरमजयगढ़ रेल कॉरिडोर का निर्माण प्रस्तावित है। यात्री गाड़ियों की सुविधा के लिए भी एक रेल कॉरिडोर कटघोरा, कवर्धा की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसके लिए केंद्र सरकार से राशि स्वीकृत हो गई है। इस कारिडोर के बनने से यात्री गाड़ियां कटघोरा से निकलकर सीधे रतनपुर, मुंगेली, कवर्धा और डोंगरगढ़ तक जाएंगी। जिले के यात्रियों को डोंगरगढ़ के रास्ते बालाघाट नागपुर के लिए भी एक रेल सुविधा इस कॉरिडोर से सुविधा मिल सकेगी।

### इन पर्यटन केंद्रों को विकास की उम्मीदें



जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र में सतरेंगा और बुका को भले ही वन विभाग ने जमकर सजाया संवारा है लेकिन वहीं दूसरी ओर चोरनई नदी पर बने गोविंद झुंझा जलप्रपात देवपहरी, धार्मिक स्थल मड़वारानी, पाली का चैतुरगढ़ मंदिर, हसदेव नदी का झोराघाट, कोसगई सहित आसपास के कई ऐसे इलाके हैं जहां विकास की बांट जोह रहे हैं। जिला प्रशासन व वन विभाग इन स्थलों पर खास रुचि नहीं दिखाते जिसके चलते इन स्थानों का आज भी बेहतर ढंग से विकास नहीं हो पाया है। जिला प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों को इन स्थलों को भी बेहतर ढंग से सजाने संवारने की दिशा पर प्लान तैयार करना चाहिए ताकि इन स्थलों पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच सके। हालांकि हर वर्ष मड़वारानी, कोसगई, चैतुरगढ़ मंदिर में मातारानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं लेकिन जिस अंदाज में इन पर्यटन केंद्रों का भी विकास होना था वैसा विकास नहीं हो पाया है।

### उद्योगों ने भी पकड़ी रफ्तार, बढ़ी विद्युत उत्पादन क्षमता



राज्य निर्माण के बाद जिले में बंद पड़े एमपीईबी के 100 मेगावाट संयंत्र परिसर में 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र की स्थापना से राज्य के विद्युत आपूर्ति में बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि प्रदूषण की वजह से जिले में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 440 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले विद्युत संयंत्र को जहां हमेशा के लिए बंद करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पूश्चिम संयंत्र परिसर में 1360 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले सुपर क्रिटिकल विद्युत संयंत्र स्थापना की नींव भी रखी गई। वर्तमान में संयंत्र निर्माण का काम जारी है और अर्थमूविंग का काम प्रगति पर है। आने वाले कुछ वर्षों में इस संयंत्र की विद्युत उत्पादन क्षमता 1340 मेगावाट से 2700 मेगावाट हो जाएगी। इसी तरह एनटीपीसी संयंत्र में भी विस्तार किए जाने से राज्य के विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई है। बात करें निजी संयंत्रों की तो बालको में 1200 मेगावाट विद्युत संयंत्र का विस्तार किया गया है। वहीं नये स्मेल्टर संयंत्र का काम भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। पताढ़ी स्थित लैंको संयंत्र में भी 360 मेगावाट के 2 नये इकाईयों का विस्तार अडानी ग्रुप द्वारा किया जा रहा है। इस संयंत्र को अब कोरबा पॉवर प्लांट को अपने हाथों में ले लिया है। आने वाले समय में इस समय में 3000 मेगावाट के विस्तार की संभावना है, जिससे जिले सहित राज्य व देश की ऊर्जा की जरूरतें पूरी होंगी और हजारों बेरोजगारों को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

### स्वास्थ्य सुविधाओं में हुई बढ़ोत्तरी





बात करें अगर स्वास्थ्य सुविधाओं की तो जिला बनने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। राज्य गठन के पूर्व जिला अस्पताल में केवल 100 बिस्तरों की सुविधा थी। राज्य निर्माण के बाद अलग-अलग समय पर जिला अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी हुई है। 100 बिस्तरों से बढ़कर 200 से अधिक बिस्तरों की सुविधा मिली। वहीं चाईल्ड केयर यूनिट, बर्न यूनिट सहित मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिल रहा है। जिला मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में और ज्यादा बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जिला अस्पताल में नये विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से मरीजों को सीधा लाभ मिला है। शहर के साथ-साथ उप नगरीय क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। बात करें कटघोरा सीएचसी की तो नये सीएचसी भवन के साथ साथ अस्पताल में 30 बिस्तरों की सुविधा भी मिलने लगी है। जिले के पांचों ब्लॉकों में स्थित सीएचसी एवं पीएचसी में भी स्वास्थ्य सुविधाओं में भी विस्तार देखने को मिला है।

### जिले के धान का रकबा व सिंचाई के साधन में प्रगति



मध्यप्रदेश से अलग होने के बाद जब छग राज्य बना उसके बाद से राज्य के इस औद्योगिक और आदिवासी बाहुल्य जिले में हर क्षेत्र विकास की राह आगे बढ़ने लगी। कृषि के क्षेत्र से लेकर सिंचाई के साधन और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ। कृषि के क्षेत्र में 25 साल के दौरान जिस तरह से विकास हुए वह जिले के ग्रामीण अंचलों के खेती की अर्थ व्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है। कृषि के क्षेत्र में किसान नगदी फसल भी लेने लगे हैं। वर्ष 2000 में कोरबा जिले में खरीफ फसलों का कुल क्षेत्र 1 लाख 33 हजार 880 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 1 लाख 37 हजार 66 हेक्टेयर हो गया है। वर्ष 2000 में कुल रबी क्षेत्र 14 हजार 780 हेक्टेयर था, जो अब 40 हजार 368 हेक्टेयर तक पहुँच चुका है। वर्ष 2000 में खरीफ के अंतर्गत अनाज का क्षेत्रफल 2 हजार 96 हेक्टेयर था, जो अब 3 हजार 664 हेक्टेयर तक पहुँच गया है। दलहन फसलों का क्षेत्र भी 4 हजार 535 हेक्टेयर से बढ़कर 7 हजार 581 हेक्टेयर हुआ है, जबकि तिलहन फसलों का क्षेत्र 6 हजार 68 हेक्टेयर से बढ़कर 9 हजार 608 हेक्टेयर हो गया है।

### राज्य गठन के बाद पर्यटन क्षेत्र ने भरी उड़ान



आज से लगभग ढाई दशक पहले भारत के नक्शे में छत्तीसगढ़ राज्य का उदय हुआ था और यह अब अपनी नई-नई गाथाएं लिख रहा है। खासतौर पर कोरबा जिला एक औद्योगिक जिला है जिसकी वजह से इसकी पहचान प्रदेश में ही नहीं देश के विभिन्न राज्यों में भी है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के बाद कोरबा जिले ने पर्यटन के क्षेत्र में भी नई उड़ान भरी हैं। जिसमें सबसे अहम कहें तो बांगो बांध का डूबान क्षेत्र जिसमें बुका और सतरेंगा पर्यटन केंद्र प्रमुख हैं। पर्यटन केंद्रों ने पिछले ढाई दशकों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यही वजह है कि इन पर्यटन केंद्रों में छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न कोने कोने से पहुंचने वाले लोग यहां पहुंचते हैं और प्रकृति की खूबसूरती का दीदार करते हैं। उल्लेखनीय है कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था। छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के बाद निरंतर कोरबा जिला नए-नए पर्यटन के क्षेत्र में अपनी गाथाएं लिख रहा है और विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। पर्यटन केंद्रों की बात करें तो जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले ऐतमानगर रेंज के बुका पर्यटन केंद्र जो बांगो बांध का डूबान क्षेत्र है जिसका नीला नीला पानी, चारों तरफ हरियाली इसकी सुंदरता देखते ही बनती है। बुका पर्यटन केंद्र में पर्यटकों को नए-नए साजो सामान और सुविधाएं मिल रही है। जहां बांगो बांध के डूबान क्षेत्र में नीले नीले पानी में लोग मोटर बोट, स्पीड बोट के माध्यम से जब पानी में फर्राटे मारते हैं तो किसी समुद्र के नजारे से उनका आनंद कम नहीं होता है। इसके अलावा इस पर्यटन केंद्र में विभिन्न तरह की पर्यटकों के लिए सुविधा, रहने के लिए ग्लास हाउस सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बांगो डूबान का ही दूसरा छोर सतरेंगा है। जहां यह इलाका भी पर्यटकों के लिए खास समृद्ध है। वन विभाग ने इस पर्यटन केंद्र को खास सजाया संवारा है।

### हसदेव, लिंक और कोच्चीवेली एक्सप्रेस की सौगात




यात्री सुविधाओं की कड़ी में बीते 25 साल के दौरान कोरबा से अन्य राज्यों की ओर जाने वाली लंबी दूरी की यात्री गाड़ियां भी सौगात के रुप में मिली। इनमें कोरबा विशाखापट्नम जिसे लिंक एक्सप्रेस के नाम से जाना जाता है। दूसरी सबसे बड़ी रेल सुविधा कोरबा से त्रिवेंद्रम जाने वाली कोच्चीवेली एक्सप्रेस मिली है। इन दो बड़े दक्षिण भारत राज्यों की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों के चलने से जिले में निवासरत दक्षिण भारत के निवासियों को एक बड़ी सुविधा मिली है। इसके अलावा ऊर्जाधानी कोरबा से राजधानी रायपुर तक जाने के लिए एक बड़ी यात्री गाड़ी की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। शहर के लोगों को राजधानी जाने के लिए बिलासपुर जाकर गाड़ियां पकड़ने की मजबूरी रहती थी। जनप्रतिनिधियों की पहल पर ऊर्जाधानी से रायपुर राजधानी को जोड़ने के लिए हसदेव एक्सप्रेस की शुरुआत की गई। जो आज शहर के निवासियों को राजधानी जाने के लिए एक अच्छी सुविधा है।

### बिछा छोटी बड़ी नहरों का जाल, हर गांव और खेत तक पहुंचा पानी



कोरबा जिला जो अपनी भौगोलिक विविधता और औद्योगिक पहचान के लिए जाना जाता है, यहाँ जल संसाधन विभाग ने वर्ष 2000 से लेकर 2025 तक अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई, उस समय कोरबा जिले में सिंचाई की स्थिति बहुत सीमित थी। जिनमें जलाशय, व्यपवर्तन और उद्वहन जैसी योजनाएँ सम्मिलित थीं। इन योजनाओं के माध्यम से खरीफ और रबी दोनों मौसमों में मिलाकर लगभग दस हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। अब सिंचाई योजना के साधन बढ़ने से खरीफ और रबी दोनों मौसमों में मिलाकर लगभग साढ़े सोलह हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। वर्ष 2000 में कोरबा जिले में जलाशयों की संख्या मात्र 31 थी, जिनसे खरीफ में लगभग 7365 हेक्टेयर और रबी में 294 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती थी। आज यही संख्या बढ़कर 40 जलाशयों तक पहुँच चुकी है, जिनसे खरीफ में 9135 हेक्टेयर और रबी में 326 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है। व्यपवर्तन परियोजनाओं की संख्या भी इस अवधि में 7 से बढ़कर 14 हो गई है, जिससे खरीफ और रबी दोनों मौसमों में लगभग 5790 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। इसी प्रकार, वर्ष 2000 में जिले में एक भी एनिकट योजना नहीं थी, जबकि अब 23 एनिकट योजनाएँ निर्मित हो चुकी हैं, जिनसे लगभग 1256 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो रही है। इन आँकड़ों से स्पष्ट है कि पिछले 25 वर्षों में जिले की सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अकेले जलाशयों से 1802 हेक्टेयर, व्यपवर्तन परियोजनाओं से 3013 हेक्टेयर और एनिकट योजनाओं से 1256 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र विकसित हुआ है। इससे न केवल खेती का रकबा बढ़ा है।

## 25 वर्ष में तहसीलों की संख्या 4 से बढ़कर हुई 12

# गांव-गांव तक पहुंची तहसील की सुविधा, तेज हुआ राजस्व प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य के गठन वर्ष 2000 में जिले में मात्र चार तहसीलें कोरबा,

**खास बातें**

- ग्रामीणों को राजस्व प्रकरणों के लिए नहीं करनी पड़ रही लंबी दूरी तय

करतला, कटघोरा और पाली ही हुआ करती थीं। उस समय सीमित




प्रशासनिक ढांचे के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने राजस्व प्रकरणों के समाधान के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। प्रकरणों की अधिकता और सीमित संसाधनों के कारण न्याय मिलने में भी देरी होती थी।

बीते 25 वर्षों की विकास यात्रा में जिले ने प्रशासनिक विस्तार और जनता की सुविधा की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। बढ़ती जनसंख्या और ग्रामीण अंचलों की जरूरतों को देखते हुए राज्य सरकार ने लगातार नई तहसीलों का गठन किया। आज जिले में कुल 12 तहसीलें कार्यरत हैं कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली, पोड़ीउपरोड़ा, अजगरबहार, भैसमा, बरपाली, दर्री, दीपका, हरदीबाजार और पसान। विगत वर्षों में बनी नई तहसीलों ने राजस्व सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इन नई तहसीलों के गठन से न केवल ग्रामीणों की प्रशासनिक पहुंच आसान हुई, बल्कि राजस्व मामलों के निपटारे में भी तेजी और पारदर्शिता आई है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए न सिर्फ हर 15 दिनों में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली जाती है, प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित हो सके, इस दिशा में वे समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी भी लेते हैं। तहसील न्यायालयों के प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण कराना उनकी प्राथमिकता में होती है।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में हर साल वृद्धि

राजस्व वर्ष 2023-24 में कुल 12,578 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से 5,828 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं वर्ष 2024-25 में 16,565 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से 12,642 प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया जो कि 76.31 प्रतिशत की उत्कृष्ट सफलता दर है।

### कब हुआ तहसीलों का गठन

| तहसील | वर्ष |
|---|---|
| पोड़ीउपरोड़ा | 2008 |
| हरदीबाजार | 2020 |
| दर्री | 2020 |
| अजगरबहार | 2022 |
| भैसमा | 2022 |
| बरपाली | 2022 |
| दीपका | 2022 |
| पसान | 2022 |

## खबर संक्षेप



### कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति ने मनाई जयंती

**कोरबा।** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के तत्वाधान में समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कुर्मी समाज भवन कोरबा में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के सदस्य, गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और नगर के प्रतिष्ठित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार वर्मा अध्यक्ष, कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति ने की। कार्यक्रम का संचालन समिति के पदाधिकारियों सीताराम कश्यप, शिवचरण कश्यप, राकेश वर्मा, कृपा सिंधु राजवाड़े (केंद्रीय अध्यक्ष), दीपक राव, जीवनलाल राजवाड़े, पंचराम सूर्यवंशी, मोहनलाल पटेल, शोभा चंद्रा, पूर्णिमा बघेल, साक्षी वर्मा, माही मानिकपुरी, संतोषी देवी राजवाड़े, राजकुमारी रजवाड़े, सुधीर वर्मा, नंदकुमार साहू, गोपाल यादव, संजय रजवाड़े, शिवकुमार राजवाड़े, प्रीतमलाल राजवाड़े तथा कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया।

### सर्वमंगला पुलिस ने स्कूली बच्चों को कराया भोज



**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सर्वमंगला चौकी पुलिस द्वारा भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जहां सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी अपनी टीम के साथ पाली पड़निया स्थित स्कूल पहुंचे। जहां स्कूल में विभिन्न तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और बच्चों को सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई किया गया। वहीं इस कार्यक्रम की खासियत थी कि सर्वमंगला चौकी पुलिस द्वारा इस स्कूल में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस ने सभी स्कूली बच्चों को खीर, पुरी और भोजन खिलाया गया।

### सूने मकान में चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरदा निवासी शिव प्रसाद ज्वाला उम्र 45 वर्ष पिता स्व. चमरू राम ज्वाला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ठेकेदारी का काम करता है। 29 सितंबर को शिव प्रसाद अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर शाम लगभग 4.30 बजे अपने रिस्तेदार के यहां चाकामार गया था। 5 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे जब शिव प्रसाद अपने परिवार के साथ घर वापस आया तो मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गया तो अलमारी अंदर रखा चांदी का नाममोरी 2 नग, चांदी का पायल 2 नग सहित हजारों का माल पार कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### तिरंगे की रोशनी से नहाया बांगो बांध, देखने उमड़ी लोगों की भीड़



**कोरबा।** जिले का प्रसिद्ध बांगो बांध इन दिनों अपनी खूबसूरती से लोगों का दिल जीत रहा है। दीपावली और त्योहारी माहौल के बीच बांध को तीन रंगों केसरिया, सफेद और हरे प्रकाश से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नजर आ रहा है। रात के समय जब रोशनी चारों ओर फैलती है, तो बाँध का नज़ारा बेहद आकर्षक और मनमोहक दिखाई देता है। दूर-दूर से लोग इस नज़ारे को देखने पहुँच रहे हैं और मोबाइल कैमरे में तस्वीरें कैद कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बांगो बांध का यह रूप पहली बार इतना मनमोहक दिख रहा है, मानो तिरंगा झंडा जल पर लहरा रहा हो। प्रकाश व्यवस्था के कारण बाँध के चारों ओर का इलाका भी रौशनी से जगमगा उठा है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने तुलसी नगर व जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम

# पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई 150वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा तुलसी नगर स्थित सरदार पटेल स्मारक एवं जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में मनाई गई। यहां कांग्रेसजनों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया।

देश की आजादी के बाद विभिन्न रियासतों के भारत में विलय कराने की प्रक्रिया के साहसिक फैसले का स्मरण करते हुए पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने सरदार पटेल की निर्णय क्षमता को अद्भुत बताया। उन्होंने बताया कि भारत के हित में काफी अच्छे कार्य सरदार पटेल की ओर से किए गए। इसी के आधार पर इन्हे लौह पुरुष की उपाधि हासिल हुई। वे अपने कार्यों के जरिए सदियों तक भारतीयों के मन मस्तिष्क में बसे रहेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि इतिहास में कई महापुरुष हुए हैं, जिनमें वल्लभभाई पटेल का नाम लिया जाता है। उन्होंने अपने प्रदर्शन से देश को काफी ऊंचाई दी है। पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि सरदार पटेल ने गृह मंत्री की भूमिका में भारत के लिये अनेक शानदार कार्य किये और विदेशों में हमारे देश का मान बढ़ाया। कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए जिस तरह उन्होने अनेक राजे-रजवाड़ों का विलीनीकरण भारतीय परिसंघ में कराया। प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव बीएन सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष गजानंद साहू, कोरबा ओबीसी महासभा के अध्यक्ष अधिवक्ता एन के राजवाड़े, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, दुष्यंत शर्मा, मनीष शर्मा, रवि खुंटे, अश्वनी पटेल, पार्षद रवि चंदेल, अविनाश बंजारे, पूर्व पार्षद मनक राम साहू, गंगाराम भारद्वाज, गिरधारी बरेठ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने लौहपुरूष सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

### सभी थाना चौकी में मनाई गई जयंती



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन व मार्गदर्शन में विभिन्न थाना चौकिया में राष्ट्रीय एकता एवं संदेश दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जहां जिले के कोतवाली, सिविल लाइन, बालको, उरगा सहित सभी थाना चौकियों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू द्वारा भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जहां कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में सैकड़ों लोगों ने दौड़ लगाकर एकता का संदेश दिया, साथ ही विभिन्न तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें पौधारोपण, स्कूली बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस कड़ी में यातायात पुलिस ने भी प्रतियोगिता का आयोजन किया। एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चों को थाना यातायात की तरफ से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी व उनकी टीम भैसमा स्कूल पहुंची जहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा यहां 1 हजार से अधिक स्कूली बच्चों की उपस्थिति में कुर्सी दौड़, चित्रकला, रंगोली, निबंध एवं वृक्षारोपण कराया गया प्रतिभागी को पुरस्कार दिया गया। इसी तरह जिले के विभिन्न थाना चौकियों में भी इसी तरह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### बांकीमोंगरा में मनाई गई जयंती



भारत के लौह पुरुष और प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती बांकीमोंगरा थाना परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार पटेल को याद करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, बाकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा, पार्षदगण, पत्रकार बंधुओं, स्कूली बच्चों और आमजन ने एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती झा ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने 560 से अधिक रियासतों को मिलाकर एक अखंड भारत का निर्माण किया, जिसके लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने युवाओं से पटेल जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### निगम कर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने अधिकारी कर्मचारियों को शपथ ग्रहण कराई। केन्द्र सरकार द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने से संबंधित दिए गए दिशा निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में निगम में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इस मौके पर अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण कराई। शपथ ग्रहण करते हुए अधिकारी कर्मचारियों ने कहा कि हम सत्यनिष्ठा से शपथ लेते हैं कि हम राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेंगे।

### कटघोरा में भी आयोजित की गई रन फ़ॉर यूनिटी





लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर कटघोरा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दौड़ के रूप में हुई जिसे कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना ने हरी झंडी दिखाकर की दौड़ अग्रसेन भवन से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए कटघोरा थाना परिसर तक संपन्न हुई पूरे रास्ते प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता के नारे लगाते हुए समाज में एकता, समरसता और सद्भाव का संदेश दिया। एसडीएम तन्मय खन्ना के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तन्मय खन्ना ने कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के प्रति जागरूकता फैलाना है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस अखंड भारत का सपना देखा था, उस दिशा में हम सभी को योगदान देना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि यह दौड़ सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इससे समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को बल मिलता है। इस दौरान खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रस्सा कस्सी, बाल आउट व कुर्सी दौड़ जैसे खेल शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, पार्षद पवन अग्रवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, नगर पंचायत छुरी, धर्मनारायण तिवारी नगर निरीक्षक कटघोरा मंच पर उपस्थित रहे।

# बुंदेली में ड्राइविंग टेस्ट के लिए बिछाई जाएगी ई-ट्रैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अब ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया हाइटेक होने जा रही है। शहर से सटे गांव बुंदेली में करीब 5 एकड़ जमीन पर आने वाले दिनों में ड्राइविंग टेस्ट के लिए ई ट्रैक बिछाने की तैयारी है। जिसके बाद लाइसेंस जारी करने से पहले ड्राइविंग टेस्ट की इस प्रक्रिया में विभाग का हस्तक्षेप कम होगा, इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

परिवहन विभाग का कहना है कि वाहन चालकों की योग्यता और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग टेस्ट और लाइसेंसिंग प्रक्रिया का आधुनीकीकरण किया जा रहा है। इसके लिए जिले में ईटैक बिछाई जाएगी। इस आधुनिक ई-ट्रैकों के माध्यम से ड्राइविंग टेस्ट पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से लिए जाएंगे। इसके लिए शहर के ग्राम बुंदेली में जिला प्रशासन की ओर से 5 एकड़ जमीन का आवंटन परिवहन विभाग को किया गया है। इस जमीन का आधिपत्य परिवहन विभाग को मिल गया है। सड़क दुर्घटना जिले की गंभीर समस्या है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में होने वाली सडक दुर्घटनाओं में हर साल औसत 280 से अधिक लोग मारे जाते हैं, जबकि 700 से अधिक लोग घायल होते हैं। इसके पीछे बड़ा कारण रफ ड्राइविंग को माना जाता है। परिवहन विभाग को उम्मीद है कि ई- ट्रैक बनने के बाद टेस्टिंग की प्रक्रिया पादर्शिता से होगी। इससे नियम कायदों की अनदेखी कर लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में बदलाव आएगी। ई-ट्रैक की मदद से योग्य चालकों को प्रमाणित किया जाएगा, जिससे जिमेदार ड्राइविंग को बढ़ावा मिलेगा और सडक दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि इन जिलों में ई-ट्रैक शुरू होने के बाद आवेदक ऑनलाइन आवेदन और अपॉइंटमेंट बुकिंग के माध्यम से ड्राइविंग टेस्ट दे सकेंगे। सफल परीक्षण के बाद उन्हें डिजिटल फीडबैक और लाइसेंस जारी किया जाएगा।

### डिजिटल सेंसर और कैमरे करेंगे मूल्यांकन

इसका उद्देश्य ड्राइविंग टेस्ट में मानव हस्तक्षेप कम हो, निष्पक्षता बनी रहे और सडक दुर्घटनाओं में कमी आए। ई-ट्रैक प्रणाली में वाहन नियंत्रण, लेन अनुशासन, सिग्नलिंग, गति नियंत्रण और सडक सुरक्षा से जुड़ी तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगे डिजिटल सेंसर और कैमरे अभ्यर्थियों की ड्राइविंग क्षमता का सटीक मूल्यांकन करेंगे। इससे लाइसेंस प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी तथा पात्र आवेदकों को समय पर सही परिणाम प्राप्त होंगे।

### आउटसोर्सिंग से फिटनेस का कार्य

परिवहन विभाग में धीरे-धीरे आउट सोर्सिंग कंपनियों को बोलबाला बढ़ रहा है। पहले ही गाड़ियों की फिटनेस की जांच का दायित्व एक निजी कंपनी को सौंपा जा चुका है। यह कंपनी गोढ़ी में संचालित हो रही है। यहीं फिटनेस की जांच की जाती है। अब ई-ट्रैक में भी निजी कंपनी के आने की उम्मीद है।

# लाखों का सीमेंट गायब, ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ट्रक चालक विगत दिनों सीमेंट लोड कर गंतव्य के लिए रवाना हुआ था लेकिन बीच रास्ते से ही ट्रक में लोड लाखों रुपए कीमती सीमेंट को चालक ने ही पार कर दिया है। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

रायपुर वीर सावरकर नगर निवासी कांती लाल चंद्राकर पिता मोहन लाल चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शिवाय रोड कैरियर ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी रायपुर में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसकी कम्पनी के 50 ट्रक अल्ट्राट्रेक, श्री सीमेंट कम्पनी बांगड़ में चलती है। कम्पनी का ट्रक कमांक सीजी 04 एनवाय 1546 को सोनू कुमार पासवान जो 27 अगस्त से उसमें ड्रायवरी का काम करते आ रहा है। जो श्री सीमेंट कम्पनी बांगड बलौदा बाजार से 21 अक्टूबर को ट्रक में सीमेंट 700 बोरी भरकर दीपक किराना स्टोर बदरा सरगुजा जाने के लिये शाम 6 बजे रवाना किया था। जो 25 अक्टूबर की सुबह तक नहीं पहुंचा था। पता करने पर ट्रक में लगे जीपीएस से ट्रक का लोकेशन लिया तो ट्रक अम्बिकापुर में साई सर्विस स्टेशन में खड़ा था। लोकेशन देखने पर मदनपुर मेन रोड में 5 घंटा 10 मिनट करीब खड़ा था। 22 अक्टूबर को पुटा मेनरोड में 2 घंटा 22 मिनट खड़ी थी। अम्बिकापुर में जहां ट्रक खड़ी थी वहां कम्पनी का दूसरा ड्रायवर जितेन्द्र कुमार को पता करने भेजा जो ट्रक आधा खाली होना बताया। कम्पनी के सीमेंट बोरी श्री सीमेंट बांगड में डिस्पेच दिनांक समय व रकम लिखा है। ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनवाय 1546 में 700 बोरी श्री सीमेट बांगड प्रत्येक में 50 किलो वजनी कीमती लगभग 1 लाख 93 हजार 9 सौ रुपए का लोड कर निकला था जिसमे का 370 बोरी कीमती 1 लाख 2 हजार 4 सौ रुपए का सीमेंट ट्रक में नहीं है। चालक सोनू कुमार द्वारा श्री सीमेंट बागड कम्पनी का सीमेंट को बेईमानीपूर्वक गबन कर दिया है। कांती लाल चंद्राकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने सोनू कुमार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- पुलिस ने फरार चालक की शुरू की पतासाजी

# सीआरपीएफ जवान ने नशे में महिलाओं के साथ की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी साधना सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे उसके घर के दरवाजा में पत्थर मारने की आवाज आयी आवाज सुनकर घर का दरवाजा खोलकर साधना और उसकी ननंद रूबी बाहर देखे तो बांकीमोंगरा निवासी हेमंत सिंह के द्वारा साधना सिंह के घर के पास नल को तोड़ दिये हो कहते हुये साधना सिंह घर पर पत्थर मार रहा था। हेमंत सिंह को मना करने पर उसके द्वारा साधना सिंह के साथ गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का और झापड़ मारा और रूबी के पेट में लात से मारा गया। साधना सिंह व रुबी की चीख पुकार साधना सिंह के घर के सामने वाले पडोसी सुरज देव पाल तथा उसका पुत्र अशोक पाल, संध्या हरिहर अपने घर के बाहर आ गये और हेमंत सिंह को गाली गलौच करने से मना करने और लडाई में बीच बचाव करने आये तो हेमंत सिंह के द्वारा उनके साथ भी गाली गलौच कर जानसे मारने की धमकी देते हुये पाल संध्या हरिहर एवं सुरज देव के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। साधना सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी हेमंत सिंह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।







# छेड़छाड़ के मामले में जेठ को मिली एक साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छेड़छाड़ के मामले में जेठ को 1 साल सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च 2025 में उरगा थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता के साथ उसके जेठ ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। जब विवाहिता ने इसकी जानकारी अपने ससुराल वालों को बताया तो उसके पति और ससुर ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद इस मामले के लिखित शिकायत महिला ने पुलिस थाने में दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने जेठ सहित तीनों लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायालय फास्ट्रेक कोर्ट में हो रही थी। जहां आरोपी जेठ के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला सिद्ध होने पर उसे एक साल सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया है जबकि उसके ससुर और पति को जब तक न्यायालय समाप्त न हो तब तक न्यायालय के बाहर खड़ा रहने की सजा सुनाया गया है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 11 दिन | 4.00 | 44.00 |
| 18 दिन | 5.00 | 90.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 134.00 |

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर







